दिन-प्रतिदिन का वैज्ञानिक इतिहास

विजेन्द्र कुमार

1 सितम्बर

1898, अर्नेस्ट रदरफोर्ड ने दो विशिष्ट प्रकार के विकिरणों की पहचान के लिये 'अल्फा' एवं 'बीटा' टर्म का प्रतिपादन किया।

1887, लेट्रल-कट फ्लास्क डिस्क ग्रामोफोन का आविष्कार एमिले बर्लिनर ने किया।

1997, एक नए सब-एटॉमिक पार्टिकल 'एक्सोटिक मेसन' के अस्तित्व की खोज यूनीवर्सिटी ऑफ नोट्रे दम के भौतिकविदों ने की।

2 सितम्बर

2007, भारत के भूस्थिर उपग्रह प्रक्षेपण यान जीएसएलवी-एफ04 के माध्यम से इन्सैट-4 सीआर सैटेलाइट को सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से भू-समकालिक स्थानांतरण कक्षक में प्रक्षेपित किया गया।

3 सितम्बर

1905, कार्ल डेविड एंडरसन, अमेरिकन भौतिकविद्, का जन्म हुआ, इन्हें पॉजिट्रॉन (पॉजिटिव इलेक्ट्रॉन) की खोज के लिए सन् 1936 में भौतिकी का नोबल पुरस्कार प्राप्त हुआ था।

1976, मानवरहित अन्तरिक्षयान 'विकिंग II' ने मंगल ग्रह पर लैंडिंग कर इस ग्रह की सतह के प्रथम छायाचित्र लिये।

4 सितम्बर

1888, प्रथम रोल-फिल्म

कैमरा कोडेक के लिए जॉर्ज ईस्टमान को पेटेंट प्रदान किया गया।

1906, टाइप-राइटिंग मशीन के आविष्कार के लिए रॉबर्ट टर्नर को पेटेंट प्रदान किया गया (यू.एस. नं. 830115 ए)।

1998, इन्टरनेट सम्बंधित सेवाओं एवं उत्पादों की लोकप्रिय बहुराष्ट्रीय तकनीकी कंपनी 'गूगल'

की स्थापना लेरी पेज और सेर्गी ब्रिन ने मेलनो पार्क, कैलिफोर्निया, यू.एस. में की।

5 सितम्बर

1977, नासा ने वायजर-1 (Voyager-1)



अन्तरिक्ष यान को कैंप कैनवेरल, फ्लोरिडा से प्रक्षेपित किया।

6 सितम्बर

1978, *ई.कोलाई* बैक्टीरिया के स्ट्रेन के द्वारा ह्यूमन-टाइप इन्सुलिन के उत्पादन की प्रथम घोषणा की गयी, जो कि आनुवंशिक अभियांत्रिकी के क्षेत्र में बहुत उपयोगी सिद्ध हुई।



1892, विख्यात वैज्ञानिक एडवर्ड विक्टर एप्लेंटन का जन्म हुआ। इन्हें सन् 1947 में वातावरण के बहिर्मंडल की भौतिकी का पता लगाने के लिए नोबल पुरस्कार मिला था।

7 सितम्बर

1888, नवजात शिशु की देखभाल के लिए बेबी इन्क्यूबेटर का प्रथम उपयोग स्टेट एमिग्रांट हॉस्पिटल, न्यूयॉर्क में किया गया।

8 सितम्बर

1918, सर डेरेक हेरोल्ड रिचार्ड बार्टन, जिन्हें कॉम्प्लेक्स मॉलीक्यूल के 3-डी जियोमैट्रिक स्ट्रक्चर के अध्ययन के लिए सन् 1969 रसायन के क्षेत्र में नोबल पुरस्कार मिला, का जन्म हुआ।

9 सितम्बर

1945, कंप्यूटर प्रोग्राम में पहले बग (Bug) की खोज ग्रेस हॉपर ने की।

10 सितम्बर

1984, डीएनए फिंगरप्रिंटिंग की खोज सर एलेक जेफ्रीज ने की।

2008, दुनिया के सबसे बड़े और सबसे शक्तिशाली कण कोलाइडर 'लार्ज हेड्रॉन कोलाइडर' को यूरोपियन ऑर्गेनाइजेशन फॉर न्यूक्लियर रिसर्च-सर्न (CERN) प्रयोगशाला में चालू किया गया।

12 सितम्बर

1959, लूना-2, द्वितीय मानवरहित सोवियत लूना प्रोग्राम अंतरिक्षयान को चन्द्रमा की ओर प्रक्षेपित किया गया, यह चन्द्रमा की सतह पर पहुंचने वाला प्रथम अन्तरिक्ष यान था।

15 सितम्बर



1917, टर्म 'बैक्टीरियोफेज' का प्रतिपादन डॉ. फ्लिक्स हेरेल्ले ने फ्रेंच अकादमी ऑफ साइंसेज में किया।

17 सितम्बर

1683, डच वैज्ञानिक अंटोनी वॉन ल्यूवेनहॉक ने रॉयल सोसाइटी के समक्ष अपनी 'सूक्ष्म जीवित जीव (लिविंग बैक्टीरिया) की खोज' को घोषित किया।

1953, प्रथम बार दो जुड़वाँ बच्चों को कैरोलिन ऐनी ओचस्नेर फाउंडेशन हॉस्पिटल, न्यू ओरलेंस में सर्जरी द्वारा सफलतापूर्वक अलग किया गया।

19 सितम्बर

1838, रेल रोड ब्रेक के आविष्कार के लिए एफ्रेम मोरिस को पेटेंट प्रदान किया गया।



1884, शनि ग्रह के उपग्रह हाइपरियन की खोज बॉन्ड एवं लास्सेल ने की।

1957, प्रथम भूमिगत परमाणु विस्फोट यू.एस.ए. ने लॉस वेगास नवादा में किया।

20 सितम्बर

1892, फ्रेंक स्चुलमन को वायर ग्लास के आविष्कार के लिए पेटेंट प्रदान किया गया।

2004, भारत के प्रथम शैक्षिक सुविधाओं के लिए एक्सक्लूसिव सैटेलाइट 'एडुसैट' (EDUSAT) को सतीश धवन स्पेस सेंटर, श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपित किया गया।



22 सितम्बर

1791, विख्यात वैज्ञानिक माइकल फैराडे का जन्म हुआ। इनकी मुख्य खोजों में विद्युत चुम्बकीय प्रेरण, प्रतिचुम्बकत्व और इलेक्ट्रोलाइसिस आदि के सिद्धांत शामिल हैं।

23 सितम्बर

2002, प्रचलित वेब ब्राउज़र मोजिला फायरफॉक्स (फीनिक्स 0.1) का पहला पब्लिक वर्जन जारी किया गया।

24 सितम्बर

1960, प्रथम परमाणु शक्ति चालित विमान वाहक पोत, 'यूएसएस एंटरप्राइज', न्यूपोर्ट, वर्जीनिया में लांच किया गया, यह विश्व का सबसे बड़ा युद्धपोत और सबसे अद्भुत विमान वाहक पोत था।

2014, भारतीय अन्तरिक्ष अनुसन्धान संगठन (इसरो) द्वारा प्रक्षेपित मार्स ऑर्बिटर मिशन 'मंगलयान' सफलतापूर्वक मंगल ग्रह के कक्षा में प्रवेश कर गया।

25 सितम्बर

1992, मंगल ग्रह की सतह, वातावरण, मौसम एवं चुम्बकीय क्षेत्र के अध्ययन के लिए 'मार्स आब्जर्वर स्पेसक्राफ्ट', जो कि मार्स जियोसाइंस/क्लाइमेटोलॉजी ऑर्बिटर के नाम से भी जाना जाता है, को नासा द्वारा प्रक्षेपित किया गया।

28 सितम्बर

1860, पॉल-उरीच विल्लार्ड, जिन्होंने सन् 1900 में तीसरे प्रकार की नेचुरल रेडिएशन (गामा किरणों) की खोज की थी, का जन्म हुआ।

29 सितम्बर

1891, थॉमस एडिसन को अपने आविष्कार 'प्रोसेस एंड एपरेटस फॉर जनरेटिंग इलेक्ट्रिसिटी' (नं. 460122) एवं 'फोनोग्राम-ब्लैंक कैरियर' (नं. 460123) के लिए पेटेंट प्रदान किया गया।

1954, विश्व की सबसे बड़ी पार्टिकल फिजिक्स लैबोरेट्री सर्न (CERN) प्रयोगशाला- 'द यूरोपियन ऑर्गेनाइजेशन फॉर न्यूक्लियर रिसर्च' की स्थापना जेनेवा, स्विट्ज़रलैंड में हुई।

1962, प्रथम कैनेडियन सैटेलाइट 'अलोऊयेते - 1 (Alouette-1)' को आयनमण्डल के अध्ययन के उद्देश्य से प्रक्षेपित किया।

1997, पीएसएलवी-सी1, भारत के प्रथम ऑपरेशनल पोलर सैटेलाइट लांच व्हीकल को श्रीहरिकोटा रेंज से प्रक्षेपित किया गया।

30 सितम्बर

1902, सेल्यूलोस एस्टर्स (रेयॉन) के निर्माण के लिए विलियम एच. वॉकर, आर्थर डी. लिटिल एवं हैरी एस. मोरक को पेटेंट प्रदान किया गया (नं. 709922)।

1982, एच. रो पेरोट और जय कोलबर्न ने 'द स्प्रिट ऑफ टेक्सास' नामक हेलिकॉप्टर से दुनिया की प्रथम उड़ान को पूर्ण किया।

संपर्क सूत्र :
श्री विजेन्द्र कुमार
रिसर्च इंटर्न, राष्ट्रीय विज्ञान पुस्तकालय
सीएसआईआर-निस्केयर, 14 सत्संग विहार मार्ग
नई दिल्ली 110067
[ई-मेल : vijendra.intern@niscair.res.in]